# राजस्थान सरकार

# कार्यालय आयुक्त, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, उदयपुर

क्र. एफ 5/अभि./सीटीएडी/good governance/18–19/ दिनांक :

परियोजना अधिकारी
जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग,
डूंगरपुर।

विषय : सर्किट हाऊस, डूंगरपुर के मरम्मत एवं सुविधा विकास कार्य हेतु 14.93 लाख उपलब्ध कराने की स्वीकृति एवं जिला कलक्टर कार्यालय भवन डूंगरपुर के मरम्मत एवं रख–रखाव कार्य की कार्योत्तर वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

विभागीय पत्रांक 21159–65 दिनांक 15.06.2018 द्वारा सर्किट हाऊस, डूंगरपुर के मरम्मत एवं सुविधा विकास कार्य की वित्तीय स्वीकृति राशि रू. 25.00 लाख की जारी की गई।

उपरोक्त कार्य के लिए राशि की व्यवस्था हेतु परियोजना अधिकारी, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, डूंगरपुर को निर्देशित किया गया कि उनके निजी निक्षेप खाते में उपलब्ध राशि में से कार्यकारी एजेन्सी सार्वजनिक निर्माण विभाग को राशि उपलब्ध करावे। संविधान की धारा 275(1) मद अन्तर्गत वर्ष 2018–19 में टीएडी के अतिरिक्त भवनों का निर्माण विस्तार एवं नवीनीकरण हेतु राशि प्राप्त होने पर पुर्नभरण कर दिया जायेगा।

उपरोक्त कार्य हेतु परियोजना अधिकारी, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, डूंगरपुर द्वारा अपने निजी निक्षेप खाते में उपलब्ध बचत से प्रथम किश्त की राशि रू. 10.00 लाख सार्वजनिक निर्माण विभाग को हस्तांतरित कर दी गई। शेष आवश्यक राशि 1499393/– की व्यवस्था निम्नांकित तालिका में दर्शाई गई बचत से करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

जिला कलक्टर कार्यालय भवन डूंगरपुर के मरम्मत एवं रख–रखाव हेतु विभागीय पत्रांक 26164–70 दिनांक 24.07.2018 द्वारा राशि रू. 10.00 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई। कार्य की तकनिकी स्वीकृति (AEN PWD DPR/10/25-07-2018) जारी होने एवं कार्य का संपादन करने से इस कार्य की कार्योत्तर वित्तीय स्वीकृति राशि रू. 10.00 लाख की जारी की जाती है।

उपरोक्त दोनों कार्यो हेतु आवश्यक राशि रू. 24.99 लाख की व्यवस्था निम्नांकित तालिका में प्रस्तावित बचत से करने की स्वीकृति जारी की जाती है।

(राशि लाखों में)

| क्र.स. | कार्य का नाम व स्थान | वित्तीय स्वीकृति | | व्यय राशि | अन्य कार्य में व्यवर्तित राशि | बचत राशि | हस्तान्तरण योग्य राशि | शासन की स्वीकृति संख्या जिस पर राशि प्रभारित होगी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | क्र./दि. | राशि | | | | | |
| 1 | नवीनीकरण एवं अतिरिक्त निर्माण कार्य प्रशिक्षण भवन टी.आर.आई.। | 30811/ 24.10.17 | 79.58 | 72.86 | 1.53 | 5.19 | 4.993 | 49/ 2017–18 |
| 2 | पुलिस लाईन उदयपुर मे स्थित कॉन्फ्रेन्स हॉल रूम, सामुदायिक भवन व | 17210–22 /16.06.17 | 20.00 | 0.00 | 0.00 | 20.00 | 20.000 | 143/ 2015–16 |



P.T.O.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अन्य राजकीय भवनों के मरम्मत एवं रख–रखाव कार्य का कार्य विभागीय पत्रांक 6057–87 दिनांक 30.01.2019 द्वारा निरस्त करने के पश्चात् उपलब्ध राशि रू. 20.00 लाख में से | | | | | | | |
| | | | | | | 25.19 | 24.993 | |

उपरोक्त बचत राशि परियोजना अधिकारी, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग,उदयपुर के निजी निक्षेप खाते में उपलब्ध है।

स्वीकृति की शर्ते पूर्ववत रहेगी।

-sd-
(शिवांगी स्वर्णकार)I.A.S
आयुक्त

क्र. एफ 5/अभि./सीटीएडी/good governance/18–19/3137-48 दिनांक 4/2/2020

प्रतिलिपि –

1. विशिष्ठ सचिव, मां.मंत्री महो. जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, जयपुर।
2. संयुक्त शासन सचिव, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, जयपुर।
3. जिला कलक्टर, डुंगरपुर।
4. परियोजना अधिकारी, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग,उदयपुर को भेजकर लेख है कि उपरोक्त स्वीकृति की तालिका मे वर्णित बचत राशि मे से राशि रू. 24.993 लाख (अक्षरे चौबीस लाख निन्यानवे हजार तीन सौ मात्र) परियोजना अधिकारी,जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग,डूंगरपुर को हस्तान्तरित करावें।
5. अतिरिक्त मुख्य अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग,उदयपुर।
6. अधीक्षण /अधिशाषी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग, वृत/खण्ड डूंगरपुर।
7. वित्तीय सलाहकार कार्यालय हाजा।
8. निदेशक, मोनिटरिंग कार्यालय हाजा।
9. कम्प्यूटर शाखा कार्यालय हाजा।
10. गार्ड फाईल।

अतिरिक्त आयुक्त (द्वितीय)
जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग
उदयपुर (राज.)

---